सराहनीय कार्य
जनपद बस्ती

दिनांक 26.09.2023

थाना सोनहा पुलिस, स्वाट टीम, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अपने सगे भतीजे की हत्या करने वाले अभियुक्तों को 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार-

थाना सोनहा पुलिस, स्वाट टीम, एसओजी टीम व सर्विलांस की संयुक्त कार्यवाही द्वारा दिनांक 24.09.2023 को दीपक चौरसिया जो अपने घर के अंदर कमरे में सो रहे थे उनके सिर पर प्रहार कर हत्या करने वाले मु0अ0सं0 223/2023 धारा 302/506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों 1. उमाशंकर चौरसिया उर्फ बबलू 2. लालमती पत्नी उमाशंकर चौरसिया को सल्टौवा तिराहे से दिनांक 25.09.2023 को समय 23.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

1. उमाशंकर चौरसिया उर्फ बबलू निवासी कंथूई थाना सोनहा जनपद बस्ती।

2. लालमती पत्नी उमाशंकर चौरसिया निवासी कंथूई थाना सोनहा जनपद बस्ती।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 24.09.2023 को रामशंकर चौरसिया पुत्र राम लक्ष्मन चौरसिया ग्राम-कन्थुई थाना सोनहा जनपद बस्ती का मूल निवासी हूँ। दिनाँक 23-24/09/2023 की रात्री में मेरा लड़का दीपक चौरसिया उम्र करीब 24 वर्ष अपने घर पर कमरे में सो रहा था कि रात में ही कुछ लोगों द्वारा उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार कर गंम्भीर चोट पहुँचाई गयी जिस कारण मेरे लड़के दीपक चौरसिया की उसके कमरे में ही बिस्तर पर मृत्यु हो गयी है। मुझे शक है कि मेरे लड़के को उमाशंकर उर्फ बबलू पुत्र राम लक्ष्मन, लालमती पत्नी उमाशंकर उर्फ बबलू निवासी गड कन्थई थाना सोनहा जनपद- बस्ती , व राम कृपाल उर्फ दारा चौधरी पुत्र भगवान दत्त निवासी देईपार थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती तथा हजरत अली पुत्र स्व0 इज्जत अली निवासी ग्राम पचमोहनी थाना सोनहा जनपद बस्ती द्वारा मिलकर मारा गया है क्योकी उमाशंकर उर्फ बबलू से मेरे परिवार की पुरानी रंजिस है जिस कारण इन लोगो द्वारा आये दिन मुझे व मेरे लड़के तथा परिवार से लड़ाई झगड़ा करते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती थी।

वादी और विपक्षी सगे भाई है तथा एक ही घर में बटवारा कर अलग रहते है मृतक हमेशा दरवाजा खोलकर सोता था दरवाजे पर एक बुढी दादी (उम्र 75 वर्ष) सोती थी जिन्हे कम सुनाई व दिखाई नही देता था तथा बाहर सीसीटीवी लगा था जिससे बचते हुए रात्रि 2.00 बजे बरामदे से होकर मृतक के कमरे में घुस गये तथा घर में पहले से रखे पुरानी बुलट की

स्टील रॉड से मृतक के सर पर प्रहार कर दिया जिससे मृतक के सिर से खून का फव्वारा छुटने लगा तत्पश्चात वहा से भाग गये और रॉड को हमने अपने घर के अंदर के कमरे में लोहे के बड़े बक्से के पीछे छुपा कर रख दिया है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्ता लालमती द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पूर्व आपसी रंजीस के कारण आपसी विवाद के दौरान मृतक व उसकी माता किरन देवी द्वारा मेरे उपर चारीत्रिक आरोप लगाया था जिससे मै आहत थी और उसी दिन निश्चय कर ली थी की मै उसे जिन्दा नही छोड़ुगी और यह बात अपने पति को बतायी जिससे मेरे पति ने भी सहमति जतायी दिनांक 24.09.2023 को मौका पाकर रात्रि 2.00 बजे बरामदे से होकर मृतक के कमरे में घुस गये तथा घर में पहले से रखे पुरानी बुलट की स्टील रॉड से मृतक के सिर पर प्रहार कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक सोनहा श्री शैलेष सिंह जनपद बस्ती ।

2. महिला निरीक्षक काईम ब्रांच अनिता यादव जनपद बस्ती।

3. प्रभारी स्वाट श्री उमाशंकर त्रिपाठी जनपद बस्ती ।

4. प्रभारी एसओजी श्री गजेन्द्र प्रताप सिंह जनपद बस्ती।

5. प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत जनपद बस्ती।

6. आरक्षी सुभेन्द्र तिवारी, आरक्षी रमेश चौहान, आरक्षी अभिलास सिंह, आरक्षी धर्मेंद्र कुमार स्वाट टीम जनपद बस्ती।

7. हे0 का0 अनन्त यादव, का0 अभिषेक सिंह, का0 गजेन्द्र प्रताप सिंह, का0 साजिद जमाल एसओजी जनपद बस्ती।

8. हे0कां0 सत्येन्द्र सिंह सर्विलांस सेल जनपद बस्ती।

9. हेड कांस्टेबल राघवेंद्र दुबे, मय हेड कांस्टेबल पवन चौरसिया, कांस्टेबल करमजीत यादव, महिला कांस्टेबल संजू सिंह थाना सोनहा जनपद बस्ती।